प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार    दिनांक 17.02.2026

मुख्य समाचारः—

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए भारत—विस्तार नामक डिजिटल पहल का शुभारंभ किया।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई।

- सुकमा जिले में आज एक महिला सहित बाईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

- बिरनपुर में एक समुदाय विशेष के दो व्यक्तियों की हत्या के मामले में गिरफ्तार सभी सत्रह आरोपियों को जिला और सत्र न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया।

<u>शिवराज सिंह चौहान—भारत विस्तार</u>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर से किसानों के लिए डिजिटल सहयोगी 'भारत विस्तार' का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना—समृद्ध बनाना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से एक ही कॉल में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक सलाह, मंडी मूल्य और मौसम संबंधी जानकारी मिलेगी। श्री चौहान कहा कि सरकार का लक्ष्य्य फसलों का उत्प्पादन बढ़ाना है।

हमारा लक्ष्य उत्पादन बढ़ाना उसके लिए नई–नई किस्में आईसीआर फसलों की तैयार करना, उत्पादन की लागत घटाना, मैग्नाइजेशन तकनीकी का इस्तेमाल करके कम लागत का उत्पादन कैसे हो ताकि प्रोफिट बढ़े उसका प्रयास। किसान को उसके उत्पादन का दाम देना अगले एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की हमने कोशिश की है। मौसम की मार अगर फसल को बरबाद कर दे तो नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से करते हैं।

<u>सरगुजा विकास प्राधिकरण बैठक</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज कोरिया जिले के बैकुंठपुर में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरगुजा संभाग के जिलों में संचालित विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं, जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर नई योजनाओं को स्वीकृति दी गई।

बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण के लिए पचास करोड़ रुपये के बजट प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर भी पांच सौ तैंतालीस विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में और लंबित कार्यों को मार्च महीने तक पूरा करने के निर्देश दिए।

<u>माओवादी आत्मसमर्पण</u>

सुकमा जिले में आज एक महिला सहित बाईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने इस बारे में जानकारी दी।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## माओवादी स्मारक / सामग्री बरामद

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों ने पील्लूर, पालनार सहित विभिन्न स्थानों पर माओवादियों द्वारा बनाए गए बारह स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है।

इधर, नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी की टीम ने अबूझमाड़ इलाके से बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की है। इनमें हैंड ग्रेनेड, पावर बैंक, डायरी, प्रेस, वर्दी सहित अन्य माओवादी सामग्रियां शामिल हैं।

## बिरनपुर मामला–आरोपी दोषमुक्त

बेमेतरा जिले के बिरनपुर में करीब तीन साल पहले एक समुदाय के दो व्यक्तियों की हत्या के मामले में गिरफ्तार सभी सत्रह आरोपियों को आज जिला और सत्र न्यायालय ने दोषमुक्त करार दे दिया है। बेमेतरा के न्यायालय ने यह फैसला साक्ष्यों के अभाव में सुनाया है।

गौरतलब है कि अप्रैल दो हजार तेईस में कुछ संगठनों द्वारा छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया था। इस दौरान बेमेतरा जिले के कोरवाय गांव के पास खेत में बकरी चराने गए पिता–पुत्र के शव बरामद हुए थे। इस दोहरे हत्याकांड के आरोप में पुलिस ने सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया था।

जिला और सत्र न्यायालय ने आज इस मामले में सुनवाई पूरी करते हुए सभी सत्रह आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है।

सुप्रीम कोर्ट–पेसा कानून

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि पेसा कानून के तहत ग्राम सभाएं अपने सामाजिक–सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़े विषयों पर निर्णय ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने धर्म प्रचारकों के प्रवेश निषेध संबंधी होर्डिंग के विरूद्ध दायर याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ग्राम सभाओं के पक्ष में दिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय संविधान की भावना, आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण तथा पेसा कानून के प्रावधानों की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्राम सभाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि कांकेर जिले की अनेक ग्राम पंचायतों ने गांवों में बाहरी धर्म प्रचारकों के प्रवेश निषेध संबंधी बोर्ड लगाए थे, जिसके विरुद्ध संबंधित पक्षों द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि परंपराओं के संरक्षण के लिए पेसा कानून के अंतर्गत ग्राम सभाएं ऐसे निर्णय लेने के अधिकार रखती हैं। इसके बाद संबंधित पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

कोरिया महोत्सव–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोरिया जिले में कोरिया महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पीएम उज्ज्वला योजना के तहत   पात्र महिला हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए। साथ ही उन्होंने स्व–रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में छह आजीविका दीदियों को पिंक ई–रिक्शा–ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस और चौदह स्वच्छता दीदियों को गार्बेज रिक्शा वितरित किए।

मुख्यमंत्री–ओपन थिएटर लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित झुमका पर्यटन स्थल में लगभग सत्ताईस लाख रुपए की लागत से निर्मित ओपन थिएटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पांच सौ दर्शकों की बैठक क्षमता वाला यह ओपन थिएटर सांस्कृतिक आयोजनों के लिए नया केंद्र बनेगा।

शिक्षा संवाद–शुभारंभ

प्रदेश में उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम का उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर में शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम 'विकसित छत्तीसगढ़ के लिए शिक्षा, कौशल और रोजगार का सेतु' थीम पर आधारित है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को उभरते अवसरों के अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन और 'स्वयं प्लस – आईआईटी मद्रास' के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग ने मलेशिया के लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज के साथ भी एमओयू कियझं

रेडियो किसान दिवस

रेडियो किसान दिवस के उपलक्ष्य में बीते पंद्रह फरवरी को आकाशवाणी के रायपुर केन्द्र द्वारा रायपुर जिले के आरंग के पास स्थित खेतों में किसान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में आकाशवाणी के अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों के अलावा बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों को उन्नत तकनीक से खेती करने और जैविक खाद का उपयोग करने की सलाह दी गई। इस मौके पर किसानों को सम्मानित भी किया गया।

चित्रकोट महोत्सव

बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में कल अट्ठारह फरवरी से चित्रकोट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप करेंगे। इस महोत्सव में स्थानीय लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

सांई–खिलाड़ी चयन

भारतीय खेल प्राधिकरण–सांई के रायपुर स्थित प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आवासीय योजना में प्रवेश के लिए आगामी तेईस से पच्चीस फरवरी के दौरान रायपुर स्थित बूढ़ातालाब आउटडोर स्टेडियम में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसमें बारह से अट्ठारह वर्ष आयु के ऐसे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया हो। साथ ही राज्य स्तरीय चैंपिनयनशिप में पदक प्राप्त किया

हो। आवासीय योजना के तहत बालक–बालिका वर्ग में तीरंदाजी और व्हालीबॉल का ट्रायल होगा। इच्छुक बालक–बालिकाओं को तेईस फरवरी को सुबह आठ बजे सांई प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर में उपस्थित होना होगा।

## रेलवे–स्पीड ट्रायल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में कल दोपहर तीन से शाम छह बजे तक अभनपुर से कुरुद के बीच नई ब्रॉडगेज लाइन का स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इस मौके पर इस लाइन पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे ने आम लोगों को आगाह किया है कि ट्रायल के दौरान वे स्वयं और अपने मवेशियों को रेलवे लाइन से दूर रखें।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में प्रदेश के न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस के आसपास बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पंजाब और उसके आसपास बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश के तापमान में हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहेगा। अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरिया जिले के प्रवास के दौरान बैकुंठपुर निवासी बयानवे वर्षीय लोकतंत्र सेनानी डॉक्टर निर्मल घोष के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने डॉक्टर घोष का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया।

- कोंडागांव जिले के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में कल सुबह ग्यारह बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से नौ सौ अस्सी रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

<><><><><><>